रुआँबंधा सेक्टर के दौरे पर पहुँचे महापौर

आज दिनाँक 12 जुलाई 2017 बुधवार महापौर देवेंद्र यादव द्वारा वार्ड 62 अंतर्गत रुआँबंधा सेक्टर का निरीक्षण दौरा किया।

रुआँबंधा सेक्टर के निवासी महिलाओं द्वारा महापौर देवेंद्र यादव से वार्ड की विभिन्न समस्याओं के निदान हेतु वार्ड निरीक्षण में आने अपील की थी जिसे संज्ञान में लेते हुवे आज महापौर द्वारा उक्त वार्ड का दौरा किया गया जिस दौरान वहाँ उपस्थित आदर्श महिला मण्डल की महिलाओं द्वारा महापौर के साथ वार्ड की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया जिसमें मुख्यरूप से आवारा कुत्तों का भय मोहल्ले में व्याप्त होना मुख्य रहा जिस हेतु महापौर ने आवारा कुत्तों को पकड़ने हेतु मुहिम चलाए जाने आयुक्त श्री संजय बागड़े को निर्देशित किया इसी के साथ ही उपस्थित महिलाओं ने भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर शिकायत की जिस पर उनके प्रवेश वर्जित करने हेतु ट्रैफिक डीएसपी को पत्र लिखते उक्त संबंध में कार्यवाही करने आस्वस्थ किया इसी के साथ ही गणेश मैदान नव निर्मित गार्डन में पेवरब्लाक की टूट फुट की शिकायत पर संबंधित ठेकेदार से उसे पुनः संधारण करवाए जाने कहा, उक्त गार्डन की जलभराव की समस्या का निदान हेतु पुष्प वाटिका योजना के अंतर्गत मिट्टी फिलिंग का प्रस्ताव तैयार किए जाने हेतु निर्देश दिए एवं उद्यान के बाहरी हिस्से को जेसीबी मशीन के माध्यम से समतल करने कहा।

उक्त वॉर्ड निरीक्षण के दौरान पार्षद श्री रंग बहादुर , जोन6 आयुक्त श्री संजय बागड़े, उप अभियंता कु डिगेश्वरी चंद्राकर के साथ वार्ड निवासी अजित चौधरी , मुकेश तिवारी , अजय चौधरी , उर्मिला सिंह , विदिशा, श्यामली, रुक्मणि, पुष्पा इत्यादि वार्ड की महिलाएँ उपस्थित रहीं